राजस्थान सरकार
पर्यटक स्वागत केन्द्र, होटल ढोला मारू परिसर, बीकानेर

क्रमांकः प.स्वा.के./बीका/ऊँट उत्सव/479 दिनांक 21.12.2015

खुली–निविदा सूचना

पर्यटन विभाग, बीकानेर द्वारा दिनांक 9–10 जनवरी 2016 को ऊँट उत्सव मनाये जाने वास्ते **ऊँटो व ऊँटगाड़ों** की व्यवस्था हेतु पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर द्वारा मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 01.01.2016 को कार्यालय समय में राशि रु. 100/– जमा करवाकर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सीलबन्द निविदाएं दिनांक 02.01.2016 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जावेंगी। प्राप्त निविदाऐं इसी दिन अपरान्ह 01 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कमेटी द्वारा खोली जावेंगी। कार्य की अनुमानित लागत रू. 3.50 लाख है। निविदा अमानत राशि रु 7000/– **सहायक निदेशक, पर्यटन बीकानेर के** नाम बैंकर चैक/डी.डी. बनाकर निविदा फार्म के साथ संलग्न करना होगा अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी। नियत समय के पश्चात् कोई निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्य का विवरण :

क्र. स.	कार्य का पूर्ण विवरण	अनुमानित मात्रा	दर प्रतिदिन प्रति नग मय टैक्स
1.	प्रचार हेतु बीकानेर शहर में सजे हुए ऊँट दिनांक 06.01.2016 से 9.01.16 तक सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक	05	
2.	दिनांक 09.01.2016 एंव 10.01.2016 को स्थानीय कार्यक्रम स्थल में सजे हुए ऊँट (पलान, छेवटी, गोरबंध, गदा, चादर इत्यादी मय ऊंट चालक अच्छी वेषभूषा)	आवश्यकतानुसार	
3.	दिनांक 09.01.16 को स्थानीय कार्यक्रम स्थल में झांकी सहित ऊँट गाड़े	आवश्यकतानुसार	
4.	दिनांक 09.01.16 को स्थानीय कार्यक्रम स्थल में ऊँट गाड़े व गाड़ों में गद्दे व सफेद चादरों सहित	आवश्यकतानुसार	

शर्तें :–

1. ऊँट तथा ऊँटगाडों की सजावट ऊँट मालिक को स्वयं को करनी होगी एवं इसके लिए आवश्यक सामान भी उन्हें ही लगाना होगा, जिसके लिए राशि अलग से देय नहीं होगी ।
2. सभी ऊँट हष्ट पुष्ट होने चाहिए। ऊँटो के लिए चारे पानी की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं को करनी होगी। उनके किसी भी खर्च का कोई भुगतान देय नहीं है ।
3. दरें प्रति ऊँट/ऊँटगाडों प्रतिदिन के हिसाब से समस्त प्रकार के खर्चे, चारे पानी इत्यादि सहित दी जावे।
4. विभाग न्यूनतम दर वाली निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है । किसी भी निविदा या उसके अंश को बिना कारण बताए अस्वीकार किया जा सकता है ।
5. निश्चित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा अथवा बिना अमानत राशि निविदाऐं स्वीकार नहीं की जाएगी ।
6. ऊँट व ऊँट गाडा चालक साफ सुथरी राजस्थानी वेशभूषा पहने होंगे।
7. ऊँट उत्सव में निविदादाता स्वयं ऊँट पालक होना चाहिए तथा कम से कम 5 ऊँटो का मालिक होना चाहिए तथा पूर्व में सजे धजे ऊँटो की सप्लाई का अनुभव होना आवश्यक है ।
8. समस्त सजे धजे ऊँटों के साथ बालिग चालक आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाना होगा ।
9. ऊँट द्वारा किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की हानि पहुचाने पर निविदादाता ही जिम्मेवार होगा । विभाग इसके लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेवार नही होगा ।
10. ऊंट एवं ऊंट गाडा सप्लाई करने का तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिये ।
11. ऊँट उत्सव में उपरोक्त कार्य के अनुभव रखने वालों को ही निविदा बेची जावेगी ।
12. विभागीय शर्तों पर कार्य करना होगा, निविदादाता की शर्ते मान्य नहीं होगी ।

सहायक निदेशक
पर्यटन बीकानेर